(b) whether it is a fact that the new resolution regarding accrual at the rate of five per cent enactedd uring May, 1988 supersedes earlier resolution where 3.5 paise per litre of petrol sold accrued to the Central Reserve Fund?

THE MINISTER OF STATE (INDEPENDENT CHARGE) OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) and (b) Yes, Sir. A New Resolution superseding the Old Resolution about Central Road Fund was adopted by the Parliament in May, 1988, under which accruals to the Fund would be enhanced from 3.5 paise per litre of petrol to 5 per cent of the basic price of petrol and diesel. However actual augmentation of the Fund is still to take place.

डाक-तार विभाग में पदोन्नति के पात्र हिन्दी अनुवादक

1472. **श्रीमती सुषमा स्वराज** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि डाक-तार विभाग में ग्रेड-I के हिन्दी अनुवादक तीन वर्ष सेवा करने के पश्चात् पदोन्नति के पात्र हो जाते हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि डाक-तार विभाग में प्रतिनियुक्ति पर कार्य कर रहे गैर-विभागीय ग्रेड-II के हिन्दी अनुवादक आठ वर्ष तक सेवा करने के पश्चात् पदोन्नति के पात्र हो जाते हैं ;

(ग) क्या यह सच हैं कि डाक-तार विभाग में कार्य कर रहे ग्रेड-II के विभागीय हिन्दी अनुवादक अपनी आठ वर्ष की सेवा पूरी कर लेने के पश्चात् भी पदोन्नति के पात्र नहीं होते हैं ; और

(घ) यदि हां, तो इस भेदभाव के क्या कारण हैं और क्या सरकार इस भाव को समाप्त करने का विचार रखती ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू) (क) डाक और दूर संचार विभागों में हिन्दी अनुवादक ग्रेड-I, इस ग्रेड में 3 वर्ष की नियमित सेवा के बाद हिन्दी अधिकारी के रूप में पदोन्नति के पात्र हैं।

(ख) जी नहीं ।

(ग) जी नहीं, हिन्दी अनुवादक ग्रेड-II इस ग्रेड में 5 वर्ष की नियमित सेवा के बाद हिन्दी अनुवादक ग्रेड-I के पदों पर पदोन्नति के पात्र हैं ।

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता ।

बिहार और उत्तर प्रदेश में बिलों का विलम्ब से भुगतान किए जाने के कारण टेलीफोन कनेक्शनों का काट दिया जाना

1473. **डा० जितेन्द्र कुमार जैन** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1991 में बिहार और उत्तर प्रदेश में अनेक टेलीफोन कनेक्शन इस लिए काट दिए गए हैं क्योंकि उनके बिलों का भुगतान समय पर नहीं किया गया ;

(ख) यदि हां, तो जुलाई के प्रथम सप्ताह तक दोनों राज्यों में ऐसे कितने-कितने टेलीफोन के कनेक्शन काट दिये गए हैं ;

(ग) ऐसे टेलीफोनों की संख्या कितनी है जिनके कनेक्शन, बिलों का भुगतान करने की निर्धारित तारीख समाप्त हो जाने के पश्चात् भी बिलों का भुगतान न करने के के कारण नहीं काटे गए हैं ;

(घ) इन टेलीफोनों में से कितने टेलीफोन सरकारी क्षेत्र में हैं और कितने निजी क्षेत्र में हैं; और

(ङ) भुगतान करने की निर्धारित तारीख बीत जाने के पश्चात् भी बिलो का भुगतान न किए जाने के कारण टेलीफोन कनेक्शन न काटे जाने के क्या कारण हैं ?